कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जनपद न्यायालय महराजगंज

प्रेस-विज्ञप्ति

माननीय उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के पत्रांक संख्या-1647 एसएलएसए-49/2024 (हैदर) दिनांकित मई 29, 2026 एवं माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, महराजगंज के आदेश के अनुपालन में स्थापित स्थायी लोक अदालत, महराजगंज में सदस्य के 02 पद पर चयन के लिए ऐसे इच्छुक आवेदकों जिनके पास लोक उपयोगी सेवा का पर्याप्त अनुभव हो से संलग्नक प्रारूप पर आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। लोक उपयोगी सेवा से अभिप्राय है कोई—

1. वायु सड़क या जलमार्ग द्वारा यात्रियों या माल के वाहन के लिए यातायात सेवा।
2. डाक तार या टेलीफोन सेवा।
3. किसी स्थापना द्वारा जनता हेतु विद्युत, प्रकाश, जल का प्रदान।
4. सार्वजनिक संरक्षण या स्वच्छता प्रणाली।
5. अस्पताल या औषधालय सेवा।
6. बीमा सेवा।

- मानदेयः- बैठक शुल्क प्रति बैठक 2000/- रुपये एवं 5000/- यात्रा भत्ता प्रतिमाह।
- कार्य अवधिः- नियुक्त सदस्य 05 वर्ष अथवा 65 वर्ष की आयु जो भी पहले हो तक पद धारित करेंगे।
- उक्त पद हेतु आवेदक के विरुद्ध कोई अनुशासनात्मक/अपराधिक मामले पंजीकृत/लंबित/दण्डित न हो के सम्बन्ध में शपथ पत्र आवेदन के साथ संलग्न किया जाना अनिवार्य है।
- आवेदक द्वारा 02 अद्यतन पासपोर्ट साइज फोटो तथा दो लिफाफे जिस पर आवेदक का पता अंकित हो आवेदन पत्र के साथ संलग्न किये जायेंगे।

इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित प्रारूप पर अपना आवेदन समस्त औपचारिकताओं को पूर्ण करते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, महराजगंज के कार्यालय में दिनांक 08.07.2026 अपरान्ह 1:00 बजे तक व्यक्तिगत या पंजीकृत डाक द्वारा उपलब्ध करा सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात होने वाले आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

संलग्नकः आवेदन का प्रारूप।

भवदीय,

(देवेन्द्र प्रताप सिंह) 8/06/26
प्रभारी सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/
अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट
महराजगंज।

प्रतिलिपिः-

1. माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, महराजगंज महोदय को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
2. अध्यक्ष, स्थायी लोक अदालत, महराजगंज को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
3. अध्यक्ष/मंत्री, सिविल कोर्ट सेन्ट्रल बार एसोसिएशन, दीवानी कचहरी महराजगंज को इस आशय से कि कृपया उपरोक्त प्रेस विज्ञप्ति को बार एसोसिएशन के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कराने का कष्ट करें।
4. केन्द्रीय नाजिर, दीवानी कचहरी, महराजगंज को इस निर्देश के साथ कि कृपया उपरोक्त प्रेस विज्ञप्ति को जनपद न्यायालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा करायें।
5. सिस्टम ऑफिसर, महराजगंज को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि कृपया उक्त प्रेस विज्ञप्ति का दीवानी न्यायालय के वेबपोर्टल पर अपलोड करायें।
6. जिला सूचना अधिकारी, महराजगंज को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि कृपया उपरोक्त सूचना का प्रकाशन समाचार पत्रों में निःशुल्क करायें।
7. जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, महराजगंज के नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।
8. N.I.C. जिला-महराजगंज

08/06/26
(देवेन्द्र प्रताप सिंह)
प्रभारी सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/
अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट
महराजगंज।

Application (Proforma) for the post of Members, Permanent Lok Adalats

(Established under section, 22B of the Legal Services Authorities Act, 1987)

(To be filled personally by the applicant)

1. Name .....
(Capital letters)

2. Father's Name/W/O .....

3. Present address .....
.....
Mobile & Landline No. .....
E-mail ID .....

4. Occupation .....

5. Permanent Address (attach copy of address proof).....
.....

6. Date of Birth: .....

7. Educational Qualification: .....

8. Any other special qualification/achievement, If any: .....

9. Experience in the field of Public Utility Services/
Legal Services Institutions: .....
.....

10. List of certificates attached. .....

Date:
Place:

Signature of applicant